**भारत सरकार**
**अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 2924**
**उत्तर देने की तारीख : 05.12.2019**

## अल्पसंख्यकों हेतु योजनाएं

**2924. श्री अजय निषादः**
**श्री राजा अमरेश्वर नाईकः**
**डॉ॰ सुकान्त मजूमदारः**
**श्री भोला सिंहः**
**श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देवः**

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में अल्पसंख्यकों हेतु कार्यान्वित की जा रही नई कल्याणकारी योजनाओं और विगत दो वर्षों के दौरान आरंभ की गई योजनाओं के नाम क्या हैं;

(ख) विगत दो वर्षों और चालू वर्ष के दौरान विभिन्न योजनाओं के तहत आबंटित/प्राप्त/प्रयुक्त राज्य–वार और योजना–वार निधि कितनी है;

(ग) उक्त अवधि के दौरान उक्त योजनाओं के तहत राज्य–वार और योजना–वार निर्धारित और उपलब्ध लक्ष्य क्या हैं;

(घ) क्या उक्त अवधि के दौरान इन योजनाओं के तहत आबंटित निधि का राज्य सरकारों द्वारा पूरा उपयोग नहीं किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ङ) क्या लक्ष्यों को प्राप्त करने और लाभों को निचले स्तर के लाभार्थियों तक पहुंचाने में कुछ कमियां रही हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा सरकार इन योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु इन कमियों को किस प्रकार दूर करने की योजना बना रही है?

## उत्तर

**अल्पसंख्यक कार्य मंत्री**
**(श्री मुख्तार अब्बास नकवी)**

(क) मंत्रालय केंद्रीय रूप से अधिसूचित छः(6) अल्पसंख्यक समुदायों यथा बौद्ध, ईसाई, जैन, मुस्लिम, सिक्ख और पारसी के कल्याण और विकास के लिए देशभर में निम्नलिखित योजनाएं/कार्यक्रम कार्यान्वित कर रहा है। ये योजनाएं/कार्यक्रम संक्षेप में निम्नानुसार हैंः–

(1) मैट्रिक–पूर्व छात्रवृत्ति योजनाः कक्षा X तक के लिए।

(2) मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजनाः कक्षा XI से पीएच.डी. तक के लिए।

(3) मेरिट–सह–साधन आधारित छात्रवृत्ति योजनाः तकनीकी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए योजना।

(4) मौलाना आजाद राष्ट्रीय अध्येतावृत्तिः यूजीसी मानकों के अनुसार उच्च शिक्षा जैसे एम.फिल एवं पीएच. डी. करने के लिए अध्येतावृत्ति।

(5) नया सवेराः निःशुल्क कोचिंग एवं संबद्ध योजनाः– इस योजना का उद्देश्य अल्पसंख्यक समुदायों के छात्रों/अभ्यर्थियों को तकनीकी/ व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाओं और समूह 'क', 'ख' और 'ग' स्तर की भर्ती की प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने के लिए निःशुल्क कोचिंग प्रदान करना है।

(6) ''पढ़ो परदेश'': विदेशों में अध्ययन हेतु शैक्षणिक ऋणों पर ब्याज सहायता की योजना।

(7) नई उड़ानः संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी)/एसएससी, राज्य लोक सेवा आयोगों (एसपीएससी) आदि द्वारा आयोजित प्रारंभिक परीक्षाएं उत्तीर्ण करने वाले अल्पसंख्यक अभ्यर्थियों को सहायता–इस योजना का उद्देश्य संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग और राज्य लोक सेवा आयोगों द्वारा आयोजित प्रारंभिक परीक्षाएं उत्तीर्ण करने वाले अल्पसंख्यक समुदायों के अभ्यर्थियों को उनकी मुख्य परीक्षाओं की तैयारी के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है।

यूपीएससी, एसएससी, राज्य लोक सेवा आयोग (पीएससी) आदि द्वारा आयोजित प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों के लिए सहायता।

(8) जियो पारसीः इस योजना का उद्देश्य भारत में पारसियों की जनसंख्या में हो रही गिरावट को रोकना है। यह भारत में पारसियों की आबादी में गिरावट को नियंत्रित करने की एक अनूठी योजना है।

(9) नई रोशनीः यह महिलाओं के नेतृत्व विकास की अनन्य योजना है जो सभी स्तरों पर सरकारी प्रणालियों, बैंकों और माध्यस्थों के साथ बातचीत करने के लिए ज्ञान, उपकरण और तकनीकें उपलब्ध करवाते हुए महिलाओं में आत्मविश्वास पैदा करती है।

(10) सीखो और कमाओः प्लेसमेंट से जुड़ा कौशल विकास कार्यक्रम।

(11) नई मंजिलः स्कूल ड्रॉपआउट्स की औपचारिक स्कूली शिक्षा और कौशल विकास के लिए योजना।

(12) उस्तादः पारंपरिक कलाओं/शिल्पों में कौशल और प्रशिक्षण के उन्नयन की योजना, ऐसी कलाओं और शिल्पों की मार्केटिंग के लिए हुनर हाट आयोजित करना।

(13) हमारी धरोहरः भारतीय संस्कृति की समग्र संकल्पना के अंतर्गत भारतीय अल्पसंख्यक समुदायों की समृद्ध विरासत को संरक्षित करने की योजना।

(14) मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान (एमएईएफ) शिक्षा और रोजगार उन्मुखी योजनाएं कार्यान्वित करता है। गरीब नवाज रोजगार योजना वर्ष 2017–18 में शुरू की गई।

(15) राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम (एनएमडीएफसी) स्व–रोजगार और आय–सृजक उद्यमों के लिए अल्पसंख्यकों को रियायती ऋण प्रदान करता है।

(16) कौमी वक्फ बोर्ड तरक्कियाती योजना वर्ष 2015 में शुरू की गई। इस योजना के तहत वक्फ संपत्तियों की जीआईएस मैपिंग करने के लिए आईआईटी कानपुर, रूड़की, मुम्बई और राष्ट्रीय सुदुर संवेदी केंद्र (एनआरएससी) हैदराबाद का चयन किया गया है। आईआईटी रूड़की ने हरियाणा में वक्फ संपत्तियों की जीआईएस मैपिंग करने का कार्य शुरू कर दिया है। राष्ट्रीय सुदुर संवेदी केंद्र (एनआरएससी) हैदराबाद ने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में वक्फ संपत्तियों की जीआईएस मैपिंग करने का कार्य प्रायोगिक आधार पर शुरू कर दिया है। वक्फ संपत्तियों की जीआईएस मैपिंग से वक्फ बोर्ड अतिक्रमण का पता लगाने में सक्षम हो पाते है और अतिक्रमण को हटाने तथा अपनी आय बढ़ाने के लिए प्रमुख वक्फ संपत्तियों के विकास के लिए कार्रवाई शुरू कर सकते हैं।

(17) प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पीएमजेवीके):

(ख) और (ग): योजना के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए गत दो वर्षों और चालू वर्ष के दौरान विभिन्न योजनाओं के अधीन 31.10.2019 तक आबंटित और जारी/उपयोग की गई निधियां क्रमशः 13595.48 करोड़ रु0 और 9130.67 करोड़ रु0 है। एक विवरण संलग्न है। बजट में कोई राज्य–वार आबंटन नहीं किया जाता है।

(घ) और (ङ): प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अधीन राज्य सरकारें उक्त अवधि के दौरान उन्हें विभिन्न परियोजनाओं के लिए जारी की गई निधियों का नियमित रूप से उपयोग कर रही हैं। सरकार भी अधिकारियों के दौरों, निरीक्षण रिपोर्टों, योजना मूल्यांकन, ब्लॉक, जिला और राज्य स्तरों पर समितियों (पीएमजेवीके के लिए) जरिए विभिन्न योजनाओं के जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन की मॉनीटरिंग भी कर रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि लाभ अभिप्रेत लक्ष्यित समूहों को मिलें और यदि कोई कमियां हों, की तो उनकी पहचान की जा सके और समय–समय पर उनका समाधान किया जा सके।

******

अनुलग्नक

**दिनांक 05.12.2019 के लिए निर्धारित लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2924 के भाग (ख) में उल्लिखित अनुलग्नक**

| क्र. सं. | योजना | बजट अनुमान 2017-18 | वास्तविक व्यय | बजट अनुमान 2018-19 | वास्तविक व्यय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैट्रिक–पूर्व छात्रवृत्ति | 950.00 | 1108.13 | 980.00 | 1176.19 |
| 2 | मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति | 550.00 | 479.72 | 692.00 | 354.89 |
| 3 | मेरिट–सह–साधन आधारित छात्रवृत्ति | 393.54 | 388.79 | 522.00 | 261.17 |
| 4 | मौलाना आजाद राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति | 100.00 | 124.87 | 153.00 | 97.85 |
| 5 | विदेशों में अध्ययन हेतु शैक्षिक ऋण पर ब्याज सहायता | 8.00 | 17.00 | 24.00 | 45.00 |
| 6 | निःशुल्क कोचिंग एवं संबद्ध योजना | 48.00 | 45.59 | 74.00 | 44.61 |
| 7 | यूपीएससी द्वारा आयोजित प्रारंभिक परीक्षाएं उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को सहायता। | 4.00 | 6.18 | 8.00 | 6.72 |
| | **उप–योग** | **2053.54** | **2170.28** | **2453.00** | **1986.43** |
| 8 | कौशल विकास पहलें | 250.00 | 199.80 | 250.00 | 175.73 |
| 9 | उस्ताद (हुनर हाट) | 22.00 | 21.80 | 30.00 | 31.26 |
| 10 | नई मंजिल (8वीं से 10वीं तक के लिए कौशल) | 175.95 | 93.73 | 140.00 | 93.73 |
| 11 | एनएमडीएफसी को इक्विटी अंशदान | 170.00 | 170.00 | 165.02 | 165.00 |
| | **उप–योग** | **617.95** | **485.33** | **585.02** | **465.72** |
| 12 | अल्पसंख्यक महिलाओं में नेतृत्व–क्षमता विकास | 15.00 | 15.19 | 15.00 | 13.83 |
| 13 | छोटे अल्पसंख्यक समुदाय की घटती आबादी को नियंत्रित करने की योजना | 2.00 | 3.00 | 4.00 | 4.00 |
| 14 | हमारी धरोहर | 12.00 | 0.64 | 6.00 | 1.64 |
| 15 | मौलाना आजाद स्वास्थ्य सहायता | - | - | - | - |
| 16 | अनुसंधान/अध्ययन, निगरानी, मूल्यांकन और प्रचार | 50.00 | 50.04 | 55.00 | 52.60 |
| | **उप–योग** | **79.00** | **68.87** | **80.00** | **72.07** |
| 17 | प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम | 1200.00 | 1197.66 | 1320.00 | 1156.07 |
| | **उप–योग** | 1200.00 | 1197.66 | 1320.00 | 1156.07 |
| 18 | मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान | 113.00 | 113.00 | 125.01 | 36.00 |
| 19 | एनएमडीएफसी की राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों (एससीए) को सहायता–अनुदान | 2.00 | 0.30 | 2.00 | 2.00 |
| 20 | शहरी वक्फ संपत्ति विकास योजना | 3.18 | 3.16 | 3.16 | 3.16 |
| 21 | कौमी वक्फ बोर्ड तरक्कियाती योजना | 13.00 | 10.58 | 16.94 | 11.89 |
| 22 | सचिवालय | 17.66 | 17.81 | 19.14 | 28.16 |
| 23 | राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग | 8.41 | 7.26 | 8.62 | 8.92 |
| 24 | आयुक्त भाषायी अल्पसंख्यक | 2.74 | 1.86 | 2.32 | 1.70 |
| 25 | हज सीजीआई जेद्दा | 78.00 | 56.72 | 76.79 | 73.39 |
| 26 | हज सचिवालय | 7.00 | 6.48 | 8.00 | 7.50 |
| | **उप–योग** | **244.99** | **217.17** | **261.98** | **172.72** |
| | **सकल योग** | **4195.48** | **4139.31** | **4700.00** | **3853.01** |

*****